एक नजर में

आसिफ खान फिर बने जिला सचिव

मौरावां : समाजवादी पार्टी की जिला इकाई ने संगठन का विस्तार करते हुए पश्चिम गांव निवासी आसिफ खान को जिला सचिव की जिम्मेदारी सौंपी है। वह वर्ष 2003 से पार्टी में सक्रिय हैं और संगठन के लिए काम कर रहे हैं। इससे पहले भी वह जिला सचिव रह चुके हैं। उनके संगठनात्मक अनुभव और पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए नेतृत्व ने उन्हें दोबारा यह जिम्मेदारी दी है। उनकी नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी है। संसू

बसपा के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी मोहम्मद मोईन का निधन

हसनगंज : कस्बा न्योतनी निवासी मोहम्मद मोईन का गुरुवार सुबह छह बजे हृदयगति रुकने से निधन हो गया। वह 1998 और 1999 में बसपा के टिकट पर उन्नाव लोकसभा चुनाव लड़ चुके थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मोहान के राधेश्याम रावत, अनवर सिद्दीकी और डा. सूर्य नारायण यादव सहित न्योतनी के पूर्व चेयरमैन मनीष राठौर, शानू हसी उल्ला और सभासदों ने शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की। संस

परिवार नियोजन व टीबी नियंत्रण का प्रशिक्षण

नवाबगंज : कस्बे के सीएचसी में गुरुवार को क्षेत्र में तैनात सीएचओ के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। पीएफआई और मोबियस संस्था के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में परिवार नियोजन, टीबी नियंत्रण और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं पर जानकारी दी गई। पीएफआई के सीनियर एनालिस्ट अब्दुल बासित फारुखी ने काउंसलिंग के तरीके बताए। एसटीएस अमित कुमार पाल और कम्युनिटी कोआर्डिनेटर सुधांशु मिश्रा ने टीबी के लक्षण, जांच और इलाज बताए। संसू

पात्रों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्राथमिकता

पुरवा : सीतापुर जनपद से स्थानांतरित होकर आए नवागत खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार वर्मा ने ब्लाक मुख्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाना और उनका प्रभावी क्रियान्वयन उनकी प्राथमिकता है। फरियादियों की समस्याओं का समय से निस्तारण कराया जाएगा। मूल रूप से अंबेडकरनगर के निवासी वर्मा की जिले में यह दूसरी तैनाती है। संस

आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया वर्चुअल निरीक्षण

पुरवा : ब्लाक क्षेत्र के बेहटा भवानी गांव स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्वास) के तहत केंद्रीय टीम ने वीडियो कालिंग से निरीक्षण किया। टीम ने अभिलेखों के रखरखाव, सेवाओं में सुधार, मरीजों को बेहतर सुविधा और व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। सीएचओ स्नेहा मौर्य और एएनएम विभा सिंह ने जानकारी दी। सीएचसी प्रभारी डा. प्रमोद कुमार, बीसीपीएम इसहाक अली, लक्ष्मी सिंह, रेनू, भाविनी, उपमा, रुपाली व अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। संस

अमृत भारत स्टेशन योजना के काम का किया निरीक्षण

शुक्लागंज : अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना का कार्य देखने गुरुवार को लखनऊ से कार्यदायी संस्था के सिविल इंजीनियर इकबाल गंगाघाट रेलवे स्टेशन पहुंचे। उन्होंने बताया कि स्टेशन का निर्माण तेज गति से कराया जा रहा है। कार्य को जल्द पूरा कराए जाने के प्रयास चल रहे हैं।इस दौरान कार्यदायी संस्था के सुपरवाइजर पंकज दिवाकर भी मौजूद रहे। संस

सर्वजन सनातन पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

संवाद सहयोगी, जागरण● पुरवा: कस्बा स्थित एक निजी परिसर में सर्वजन सनातन पार्टी द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश महासचिव अंशुमान द्विवेदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पुरवा उनकी जन्म भूमि है। हमारी पार्टी सनातन को लेकर कार्य करने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि असली सनातन कभी कहीं नहीं जाता है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मोदी वाराणसी में जब चुनाव लड़ने आए थे तो उन्होंने कहा था कि मां गंगा ने उन्हें बुलाया है और गंगा स्वच्छ व निर्मल होंगी, लेकिन मां गंगा का कोई ध्यान नहीं दिया गया, साथ ही दिल्ली के बगल में यमुना में भी गंदगी है। उन्होंने विपक्षी पार्टियों कांग्रेस, सपा, बसपा पर भी निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी आगामी उत्तर प्रदेश का विधानसभा चुनाव सभी 403 सीटों पर लड़ेगी। उन्होंने किसी दल से गठबंधन पर कहा कि यदि कोई दल सनातन का साथ देता है तो उन्हें उसके साथ गठबंधन करने में कोई दिक्कत नहीं होगी। इस दौरान बाल शंकर त्रिपाठी, अमित सोनी, कपिल त्रिपाठी, शिव प्रसाद, पंकज, संदीप, राकेश, वेद द्विवेदी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

जनता का विश्वास जीतकर सपा लड़ेगी चुनाव : जयचंद्र विमल

साक्षात्कार

जिलाध्यक्ष सपा

जागरण संवाददाता, उन्नाव : सपा ने विधानसभा चुनाव के लिए ताकत लगा दी है। पार्टी ने बूथ से लेकर विधानसभा क्षेत्र तक संगठन को पूरी तरह चुनाव के लिए सक्रिय किया है। प्रत्याशी चयन से लेकर एसआइआर तक, हर मोर्चे पर सपा ने विपक्ष खासकर भाजपा को घेरने की तैयारी कर ली है। प्रस्तुत है संवाददाता **अंकित मिश्र** से सपा जिलाध्यक्ष **जयचंद्र विमल** की बातचीत के प्रमुख अंश...

● आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी की क्या तैयारी है ?

– विधानसभा से बूथ स्तर तक लगातार कार्यकर्ता जन संवाद कर रहे हैं। पीडीए केवल चुनावी नारा नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और समान भागीदारी का विचार है। पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक व सभी वंचित वर्गों को सम्मान, अधिकार और हिस्सेदारी दिलाना इसका उद्देश्य है।

● प्रत्याशी चयन में पार्टी की प्राथमिकता क्या रहेगी ?

– प्रत्याशी चयन में संगठनात्मक समीक्षा, जनता के बीच स्वीकार्यता, स्वच्छ छवि, पार्टी के प्रति समर्पण को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रयास होगा प्रत्याशी ऐसा हो जो सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाला हो। सपा का उद्देश्य भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ मजबूती से लड़ना है।



सपा जिलाध्यक्ष जयचंद्र विमल● जागरण

● आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सपा की चुनावी रणनीति क्या है ?

–राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों और पीडीए के विचार को घर-घर तक पहुंचाने के लिए जनसंपर्क, नुक्कड़ सभाओं और इंटरनेट मीडिया का सहारा लिया जा रहा है। एआइएमआइएम, आजाद समाज पार्टी के गठबंधन का कोई असर सपा पर नहीं पड़ेगा। हमें विश्वास है कि आगामी विधानसभा चुनाव में जनता सपा को समर्थन देकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाएगी।

● युवाओं और महिलाओं को जोड़ने के लिए क्या रणनीति है ?

–युवाओं, महिलाओं और नए मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए सपा संघर्ष कर रही है। युवाओं के रोजगार, शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे मुद्दों पर राष्ट्रीय अध्यक्ष लड़ रहे हैं। युवाओं, महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता हमारी प्राथमिकता है। सभी फ्रंटल संगठनों को सक्रिय किया गया है। युवा और वरिष्ठ सपा नेताओं के सहयोग से मतदाता सूचियों को ठीक करा रहे हैं।

● किन मुद्दों पर चुनाव में उतरेंगे। एसआइआर पर क्या कर रहे हैं ?

–उचित फसल मूल्य, खाद-बीज, सिंचाई और युवाओं को रोजगार व बेहतर शिक्षा दिलाना ही हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष की प्राथमिकता है। वर्तमान सरकार की नाकामी को भी जनता के बीच उठाएंगे। एसआइआर के तहत कोई पात्र मतदाता वोट के अधिकार से वंचित न रहे, इसके लिए प्रत्येक बूथ पर बीएलए सक्रिय किए हैं।

● विपक्षियों के सपा के प्रति किए जा रहे अनर्गल प्रचार का जवाब कैसे देंगे?

–हम अपने कार्यकाल के विकास कार्यों व नीतियों के आधार पर जनता के बीच जाएंगे। अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा सरकार के दौरान आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, लखनऊ मेट्रो, समाजवादी पेंशन, लैपटाप वितरण व 108-102 एंबुलेंस शुरू हुई योजनाओं को जनता के बीच बताएंगे।

प्रशासकों का कार्यकाल बढ़ा, चुनावी दावेदारों को करना होगा इंतजार

संवाद सहयोगी, जागरण● हसनगंज: ग्राम पंचायतों में प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद सरकार ने निवर्तमान प्रधानों को प्रशासक की जिम्मेदारी सौंपी थी। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद पंचायत चुनाव को लेकर गांवों में सरगर्मी तेज हुई और प्रधान पद के दावेदारों ने जनसंपर्क व चुनावी तैयारियां शुरू कर दीं। लेकिन चुनाव की तारीख आगे बढ़ने से उनकी उम्मीदों को झटका लगा।

अब सरकार ने ग्राम प्रशासकों का कार्यकाल छह माह के लिए बढ़ा दिया है। इससे प्रशासक बने निवर्तमान प्रधानों और उनके समर्थकों में खुशी है, जबकि, चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे नए दावेदारों और उनके समर्थकों को निराशा हुई है। कार्यकाल बढ़ने से मौजूदा प्रशासकों को गांवों में विकास कार्य कराने के लिए अतिरिक्त समय मिलेगा। मोहान चौराहे के पास भोगला रोड पर चुनावी चर्चा के दौरान गुरु प्रसाद कश्यप ने कहा कि प्रधान पद के दावेदारों को छह महीने तक शांत रहना होगा। सिराज ने कहा कि उन्हें पहले से लगता था कि सरकार चुनाव नहीं कराएगी।

राम गोपाल ने भी कहा कि सरकार ने चुनाव छह महीने के लिए टाल दिया है। निंदेमऊ के प्रशासक नितिन बाजपेई ने कहा कि गांव में विकास कार्यों की जो कमी रह गई है, उसे पूरा करने का मौका मिलेगा। हसनगंज के टिंकू शुक्ला ने कहा कि चुनाव की तैयारी कर रहे लोग सरकार के फैसले से आहत हैं। उन्होंने खर्च कर तैयारी की थी, लेकिन चुनाव टलने से छह महीने बाद फिर नए सिरे से तैयारी करनी होगी। एडीओ पंचायत प्रवीण दुबे ने कहा कि सरकार के निर्देशों का पालन किया जाएगा।

गोशालाओं में कागजों पर हरा चारा

222 गोशालाओं में 29 हजार गोवंशी संरक्षण का दावा, अधिकांश में सूखा पैरा व चारा

जागरण पड़ताल

जागरण संवाददाता, उन्नाव : जनपद में बेसहारा मवेशियों के संरक्षण के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद अनेक गोशालाओं में चारा, पानी और इलाज की व्यवस्था बदहाल है। सर्दी और बारिश से बचाव के इंतजाम भी अधूरे हैं। कई जगह बीमार पशुओं की देखभाल नहीं हो रही। वहीं कई बार मवेशियों की मौतें होने की शिकायतें भी आती हैं। जनपद में पहले 322 गोशालाएं थीं। इनमें 10 वृहद और 312 स्थायी व अस्थायी गोशालाएं शामिल थीं। 100 छोटी गोशालाओं का मर्जर होने के बाद अब 222 गोशालाएं बची हैं। पशुचिकित्सा विभाग का दावा है कि इनमें 29 हजार मवेशी संरक्षित हैं।

हिलौली ब्लाक में दो स्थायी समेत 13 गोशालाएं संचालित हैं। सभी जगह गोवंशी को पुआल दिया जा रहा है। महरानी खेड़ा में देखभाल की स्थिति सबसे खराब बताई गई। किसी गौशाला में हरा चारा, झूल, तिरपाल या अलाव की व्यवस्था नहीं मिली। पीने का पानी ठीक था, लेकिन समुचित खानपान न मिलने से पशुओं की सेहत खराब है और मौतें हो रही हैं। पशुचिकित्सक हर सप्ताह जांच करते हैं और सूचना मिलने पर बीमार पशुओं का उपचार करते हैं। एडीओ पंचायत धीरेंद्र यादव ने बताया कि सचिवों को व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गए हैं। नवाबगंज ब्लाक में 13 गोशालाएं हैं। यहां गोवंशी को पुआल और भूसा दिया जा रहा है। जैतीपुर, रुदवारा और कटेहरू में स्थिति सबसे खराब बताई गई। हरा चारा होने के बावजूद पशुओं को केवल किसी के आने पर दिया जाता है। कहीं भी झूल, तिरपाल या अलाव की व्यवस्था नहीं है। पानी की व्यवस्था ठीक है, लेकिन समुचित खानपान न मिलने से पशु बीमार हैं और मौतें हो रही हैं। खंड विकास अधिकारी शशांक चौधरी ने बताया कि सचिवों को व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गए हैं। हसनगंज में 16 ग्रामीण और दो नगरीय गोशालाओं में 15216 गोवंश संरक्षित हैं, जबकि करीब 130 गोवंशी कस्बों, गांवों, खेतों और सड़कों पर घूमते हैं। चिरियारी गोशाला में करीब 110 गोवंश मिले। वहां सूखा भूसा था और तिरपाल लगा था, लेकिन पशुओं पर झूल नहीं डाली गई थी। एडीओ पंचायत प्रवीण दुबे ने कहा कि सचिवों को ठंड से बचाव की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।





भड़सर नौशहरा गांव में स्थित गोशाला में सूखा पैरा खाते गोवंश व भिखारीपुर कस्बा स्थित गोशाला में बनी टंकी में भरा गंदा पानी● जागरण

चारा-पानी और उपचार पर सवाल

बांगरमऊ की भिखारीपुर कस्बा गोशाला में करीब 35 से 40 गोवंशी मिले। वे मक्का का भूसा खा रहे थे और पानी की टंकी में काई जमी थी। घायल गोवंश के उपचार का इंतजाम भी नजर नहीं आया। एडीओ पंचायत दीपकांत चोला ने समस्याएं दुरुस्त कराने की बात कही।

सूख पैरा चबा रहे मवेशी, तड़पती मिली गाय

फतेहपुर चौरासी के भड़सर नौशहरा में गोशाला के भीतर सूखा पैरा पड़ा था। तिरपाल और झूल का इंतजाम नहीं था। पैरा रखने की जगह पर एक गाय तड़पती मिली। मौके पर कोई कर्मचारी नहीं था।

जिला अस्पताल पहुंचे एडीएम, सफाई व्यवस्था में सुधार की दी सलाह

1 बजे अस्पताल पहुंचे तब तक रोगियों की भीड़ हो चुकी थी कम, जो मिले उनसे दवा व उपचार की जानकारी ली




जिला अस्पताल में निरीक्षण के दौरान दवा वितरण कक्ष में स्टाक रजिस्टर चेक करते एडीएम नमामिगंगे विधेश● जागरण

जागरण संवाददाता, उन्नाव : जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं में कमियों की लगातार शिकायतों को देखते हुए डीएम घनश्याम मीना ने अधिकारियों को जांच करने का निर्देश दिया है। गुरुवार को एडीएम नमामि गंगे ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। वह एक बजे अस्पताल पहुंचे तब तक रोगियों की भीड़ कम हो चुकी थी। जो रोगी मिले उनसे दवा उपचार और स्वास्थ्य कर्मियों व डाक्टरों के व्यवहार के संबंध में जानकारी ली। एडीएम ने सफाई व्यवस्था में और सुधार कराने को सीएमएस से कहा।

एडीएम नमामि गंगे विधेश कुमार ने पहले महिला अस्पताल ओपीडी देखी, रोगियों से बात कर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली पर किसी ने कोई शिकायत नहीं की। उसके बाद पुरुष जिला अस्पताल ओपीडी पहुंचे जो रोगी मिले उनसे बात कर स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत जानी। इमरजेंसी और वार्ड की व्यवस्थाओं को देखा। दवाओं का स्टाक और एक्सपायरी आदि चेक की। एडीएम ने बताया कि कोई खास कमी नहीं मिली है, साफ सफाई जैसी मामूली कमियां थीं जिनको सुधारने के लिए साथ रहे सीएमएस डा. एसके शुक्ला से कहा है।

बुखार, सांस लेने में परेशानी और डायरिया के 29 रोगी भर्ती : गुरुवार को भी जिला अस्पताल ओपीडी में रोगियों की भीड़ रही। 289 बच्चों समेत 1308 रोगी पहुंचे। बालरोग विशेषज्ञ डा. बृज कुमार ने बताया कि ओपीडी में आए बीमार बच्चों में 100 से अधिक बच्चे वायरल फीवर, जुकाम, खांसी और सीने में जकड़न से पीड़ित रहे। 20 बच्चे उल्टी दस्त की शिकायत वाले रहे। वहीं फिजीशियन डा. कौशलेंद्र प्रकाश ने बताया कि ओपीडी में इस समय मौसम परिवर्तन और सुबह शाम सर्दी के कारण वायरल फीवर, सांस लेने में परेशानी, ब्लड प्रेशर बढ़ने के रोगी अधिक आ रहे हैं। वहीं इमरजेंसी में बुखार के 13, सांस लेने में परेशानी के छह, और उल्टी दस्त के 10 रोगी मिलाकर 29 मरीज भर्ती किए गए।

इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई जयंती



कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते कांग्रेसी● कार्यकर्ता

जागरण संवाददाता, उन्नाव : सिविल लाइंस स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई। वक्ताओं ने उन्हें दृढ़ प्रतिज्ञ नेता और आयरन लेडी बताया। जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि प्रिवी पर्स समाप्त करने और बैंकों के राष्ट्रीयकरण समेत इंदिरा गांधी के कई ऐतिहासिक फैसलों से जनता लाभान्वित हुई। वरिष्ठ उपाध्यक्ष हनुमत सिंह ने बताया कि गुप्तचर एजेंसी ने अंगरक्षकों से जान का खतरा होने की सूचना दी थी, लेकिन गांधी ने उन्हें नहीं हटाया, ताकि एक संप्रदाय विशेष का विश्वास न उठे। उन्होंने पाकिस्तान के मामले में हस्तक्षेप न करने को अमेरिकी राष्ट्रपति से कहा था और व्हाइट हाउस में बैठक का बहिष्कार कर बाहर चली गई। कार्यक्रम को चंद्र प्रकाश शुक्ला, शिवम अवस्थी, आशुतोष मिश्रा, कैप्टन राहुल तिवारी, युसूफ रफी फारुकी खुर्रम, आभा वर्मा, बाबूराम निषाद, संजीव श्रीवास्तव, अजय गौतम, कमलेश तिवारी और पुत्ती लाल वर्मा ने भी संबोधित किया। संचालन महामंत्री एडवोकेट अजय गौतम ने किया।

सिविल लाइंस स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयंती

दवा खिलाकर फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का केंद्रीय उपसचिव ने किया शुभारंभ

● उप सचिव ने मौला बाकीपुर गांव पहुंच दवा सेवन अभियान की हकीकत देखी

● औरास, हसनगंज ब्लाक में फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने का अभियान शुरू

जागरण संवाददाता, उन्नाव : फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत शुक्रवार को हसनगंज और औरास ब्लाक क्षेत्र में फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने का सर्वजन दवा सेवन अभियान एमडीए (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) शुरू किया गया। भारत सरकार के राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के उप सचिव दीप पंत ने हसनगंज में डाक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों व आम नागरिकों को दवा खिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। उसके बाद मौला बाकीपुर गांव पहुंचकर अभियान की हकीकत परखी।

उप सचिव शुक्रवार को वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एसीएमओ जेआर सिंह के साथ हसनगंज ब्लाक पहुंचे, जहां उन्होंने डाक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों के अलावा आम लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। नोडल अधिकारी एसीएमओ ने फाइलेरिया के कारण और बचाव के उपायों की जानकारी देकर लोगों से दवा खाने की अपील की। उप सचिव ने मौला बाकीपुर गांव पहुंचकर दवा खिला रही टीमों से प्रगति जानी। गांव के लोगों से बात की। इस दौरान दवा खिला रही टीमों ने उन्हें बताया कि दो परिवार ऐसे हैं जिन्होंने दवा खाने से मना कर दिया है। इस पर नोडल अधिकारी और एसीएमओ ने उन परिवारों के सदस्यों से मिलकर दवा सेवन के लाभ बताकर दवा खिलवाई। हसनगंज ब्लाक की आदर्श ग्राम पंचायत सिंघनापुर में ग्राम पंचायत प्रशासक तारावती पाल ने महिलाओं के साथ स्वयं फाइलेरिया रोधी दवा खाकर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि सभी लोग दवा का सेवन जरूर करें ताकि गांव फाइलेरिया रोग मुक्त रहे। आशा रीना रावत, ग्राम पंचायत प्रशासक प्रतिनिधि विनोद कुमार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शैलजा रावत आदि मौजूद रहीं। औरास ब्लाक के भी गांवों में फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने का पूरा दिन अभियान चला। इस अभियान में जिले के हसनगंज और औरास ब्लाक में 4,50,875 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य है। 730 टीमें घर-घर जाकर दवा खिला रहीं हैं। 72 सुपरवाइजर लगाए गए हैं। अभियान 07 दिसंबर तक चलेगा।



हसनगंज के मौला बाकीपुर गांव में फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने के अभियान का निरीक्षण करते राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के उप सचिव दीप पंत● स्वास्थ्य कर्मी

तीन साल का बकाया मानदेय दिलाने की मांग

संसू, जागरण● फतेहपुर चौरासी : शिक्षा प्रेरक संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने बीडीओ ज्ञानेंद्र कुमार के माध्यम से मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर प्रेरकों का तीन साल का बकाया मानदेय दिलाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि साक्षर भारत योजना के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक महिला और एक पुरुष प्रेरक नियुक्त किए गए थे। उनका काम निरक्षर महिलाओं और पुरुषों को साक्षर बनाना था। प्रेरकों ने 31 मार्च 2018 तक योजना में कार्य किया। उन्हें हर महीने दो हजार रुपये मानदेय दिया जाना था, लेकिन योजना बंद होने के बाद 31 मार्च 2015 से 31 मार्च 2018 तक का मानदेय नहीं मिला। तिवारी ने बताया कि निदेशक, साक्षरता विभाग, लखनऊ से मिली जानकारी के अनुसार 31 मार्च 2018 तक कार्यरत रहे सभी साक्षरता कर्मियों का बकाया मानदेय जिला बेसिक शिक्षा विभाग को भेज दिया गया है।



क्विज संख्या 59 के विजेताओं के नाम

ममता	*****16986	गाजियाबाद	संजय	*****94960	पानीपत
आयुष	*****77427	कानपुर	रमेश	*****36695	हाजीपुर
इप्सिता	*****09382	वाराणसी	राज	*****18702	पटना
रविंद्र	*****22027	मेरठ	जय	*****73011	मुजफ्फरपुर
राहुल	*****31424	आगरा	वीरेंद्र	*****31149	इंदौर
संगीत	*****72698	प्रयागराज	प्रतीक	*****51202	भोपाल
अनुराग	*****05681	गोरखपुर	दिनेश	*****93845	ग्वालियर
भावना	*****18148	नोएडा	सचिन	*****95041	देहरादून
सुमित	*****76734	मुरादाबाद	गगन	*****05148	हरिद्वार
पूनम	*****72138	बरेली	सुकु	*****67498	धनबाद
योगिता	*****15989	अयोध्या	हर्ष	*****50772	लोहरदगा
तरुण	*****24289	अलीगढ़	सतेंद्र	*****18281	लुधियाना
नियति	*****64800	गुरुग्राम	संदीप	*****70939	बिलासपुर
ललित	*****49188	सोनीपत	आकृति	*****77661	रायपुर
सरिता	*****99451	रेवाड़ी	दीपक	*****97587	उत्तर पूर्वी दिल्ली



*नियम व शर्तें लागू

क्विज संख्या 60 के उत्तर : (ग)

पढ़ते रहिए दैनिक जागरण

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda भारत का अंतर्राष्ट्रीय बैंक

शाखा: उन्नाव, आईबीपी पेट्रोल पम्प के पास, मोती नगर उन्नाव 209801

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु नीलामी बिक्री सूचना [परिशिष्ट-IV ए] नियम 6 (2) व 8(6) के प्रावधान देखें,

प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 6(2) व 8(6) के प्रावधान के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज अधिनियम 2002 की वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनः निर्माण और प्रवर्तन के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना।

जन साधारण तथा विशेषतः ऋणकर्ताओं, बंधककर्ताओं व गारंटरों को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूतित ऋणदाता के पास रेहन रखी/प्रभारित/गिरवी निम्न उल्लेखित अचल संपत्ति जिसका कब्जा **बैंक ऑफ बड़ौदा** प्रत्याभूतित ऋणदाता के **प्राधिकृत अधिकारी** द्वारा लिया गाय है। इसकी बिक्री निम्न निर्दिष्ट बकाया राशि की वसूली हेतु **"जैसे है जहां है" "जैसे है जो है" और "जो कुछ वहां है"** के आधार पर की जाएगी।

ऋणकर्ताओं/बंधककर्ता(ओं)/गारंटरों/प्रत्याभूतित परिसंपतिया/बकाया राशि/आरक्षित मूल्य/ई–नीलामी की तिथि व समय, ईएमडी व बोली वृद्धि राशि निम्नानुसार है।

ई–नीलामी की तिथि: 23.12.2026 | **ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 22.12.2026 सायं 04.00 बजे तक**

क्र. सं.	ऋणियों/जमानतदारों/बंधकदारों का नाम एवं पता	अचल सम्पत्ति का विवरण ज्ञात अतिक्रमणों सहित, यदि कोई हो	कुल बकाया	1. ई–नीलामी की तिथि 2. ई–नीलामी का समय (प्रारंभ समय से समाप्ति समय तक)	1. आरक्षित धनराशि/ 2. अग्रिम धनराशि/ 3. बिड बढ़ोत्तरी राशि	कब्जा की स्थिति (सांकेतिक/भौतिक)	संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय
1.	**ऋणी: मेसर्स श्री भगवती फूड इंडस्ट्रीज** **प्रोपराइटर: श्रीमती पूजा,** पता: निवासी 354, तकी नगर, उन्नाव, उत्तर प्रदेश 209801 **जमानतकर्ता: 1. श्री राजेश कुमार वर्मा पुत्र श्री भगवती प्रसाद वर्मा,** पता: निवासी 354, तकी नगर, उन्नाव, उत्तर प्रदेश 209801 **2. श्रीमती शिव कुमार वर्मा पत्नी श्री राजेश कुमार वर्मा,** पता: निवासी 354, तकी नगर, उन्नाव, उत्तर प्रदेश 209801	सम्पत्ति के सभी भाग व खण्ड स्थित प्लॉट सं. 445 पर खुली भूमि, मोहल्ला मोती नगर, नगर पालिका परिषद के अन्तर्गत, परगना, तहसील एवं जिला उन्नाव (उ.प्र.) 209801, क्षेत्रफल 192.089 वर्ग मीटर, मालिक: श्री राजेश कुमार वर्मा, **चौहद्दी: पूर्व:** मार्ग 12 फीट, **पश्चिम:** रेलवे लाइन, **उत्तर:** रमेश मिश्रा का मकान, **दक्षिण:** गली 3 फीट, जटा शंकर का मकान	रू. 34,72,754.85 + दिनांक 15.11.2026 से संविदात्मक दर पर मासिक किस्तों के साथ ब्याज एवं भुगतान की तिथि तक लागत, शुल्क एवं खर्चे सहित	ई–नीलामी की तिथि: 23.12.2026 ई–नीलामी का समय: दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक	रू0 34,58,000/- (आरक्षित मूल्य) रू0 3,45,800/- (अग्रिम धनराशि) रू0 50,000/- (न्यूनतम बिड बढोत्तरी राशि)	भौतिक कब्जा	21.12.2026 प्रारंभ समय: शाम 3:00 बजे से समाप्ति समय: शाम 5:00 बजे

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट **https://www.bankofbaroda.in/e-auction** एवं **Baanknet.com** पर जाएं। इच्छुक बोलीदाता अधिकृत अधिकारी से **मोबाइल नंबर 8601804333** पर संपर्क कर सकते हैं।

दिनांक: 19.11.2026 **स्थान: उन्नाव** **हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा**